पंजाबी एवं डोगरी विभाग ने **'विकसित भारत @2047-युवा की आवाज'** के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय , धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) के पंजाबी एवं डोगरी विभाग ने भारत सरकार के **'विकसित भारत @2047-युवा की आवाज'** अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। विश्वविद्यालय प्रशासन के दिशानिर्देशों अनुसार , पंजाबी एवं डोगरी विभाग के छात्रों और शिक्षकों ने **'विकसित भारत @2047-युवा की आवाज'** चैनल का अनुसरण किया और दिए गए लिंक पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। विभाग के विद्यार्थियों ने 'विकसित भारत@2047' का संकल्प लेते हुए अपने प्रमाण पत्र डाउनलोड किये। विभाग द्वारा 21 दिसंबर 2023 को **'विकसित भारत @2047-युवा की आवाज'** विषय के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गट्टूलाल पाटीदार (एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग) जी शामिल हुए। उन्हों ने अपने व्याख्यान में कहा कि **'विकसित भारत @2047-युवा की आवाज'** अभियान के तहत भारत को सर्वपखी रूप में विकसित करने की इच्छा है और भारत के युवा ही इस आकांक्षा को साकार कर सकते हैं। इस व्याख्यान के माध्यम से छात्रों को विकसित भारत के लिए की जाने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों के बीच **'विकसित भारत @2047-युवा की आवाज'** थीम के तहत एक समूह चर्चा भी आयोजित की गई , जिसमें छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बृहस्पति मिश्र (अध्यक्ष , पंजाबी एवं डोगरी विभाग) जी ने की। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हरजिंदर सिंह और सह-समन्वयक डॉ. नरेश कुमार थे।